**सोमवार**
**1 , जून , 2026**

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर



वर्ष 2, अंक 112 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com


# राजगीर मलमास मेले के दूसरे शाही स्नान में उमड़ा आस्था का सैलाब, मांस-अंडे की बिक्री पर भड़के साधु-संत, लगाया प्रतिबंध की मांग









संजय कुमार/अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल राजगीर में आयोजित राजकीय मलमास मेला धार्मिक आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। 17 मई से 15 जून तक चलने वाले इस मेले में रविवार को दूसरे शाही स्नान के अवसर पर श्रद्धालुओं और साधु-संतों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही सरस्वती नदी, ब्रह्मकुंड, सतधारा तथा अन्य पवित्र स्थलों पर श्रद्धालु पुण्य लाभ के लिए आस्था की डुबकी लगाते नजर आए।

धार्मिक मान्यता के अनुसार मलमास के दौरान राजगीर का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि इस अवधि में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास राजगीर में होता है। इसी आस्था के कारण देश के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालु और साधु-संत यहां पहुंच रहे हैं। दूसरे शाही स्नानके अवसर पर बैतरणी नदी में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान कर पुण्य अर्जित किया।

श्रद्धालुओं और साधु-संतों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। विभिन्न स्नान घाटों और प्रमुख स्थलों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। नालंदा के जिलाधिकारी कुंदन कुमार स्वयं पूरे मेले और शाही स्नान की व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं।

हालांकि, मेले की व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिख रहे साधु-संतों ने एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर नाराजगी जाहिर की है। साधु-संतों का कहना है कि मलमास जैसे पवित्र धार्मिक आयोजन के दौरान पूरे राजगीर क्षेत्र में खुलेआम मांस, मछली और अंडे की बिक्री की जा रही है, जो धार्मिक भावनाओं के विपरीत है। साधु संजीव दास ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि जब पूरे राजगीर में एक माह तक देवी-देवताओं का वास माना जाता है, तब इस अवधि में मांस, मछली और अंडे की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

साधु-संतों का कहना है कि प्रशासन द्वारा सुरक्षा, सफाई और अन्य व्यवस्थाएं सराहनीय हैं, लेकिन धार्मिक मर्यादा को बनाए रखने के लिए मांसाहारी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मेला अभी आधे से अधिक समय तक चलना बाकी है, इसलिए प्रशासन को अविलंब इस दिशा में निर्णय लेना चाहिए।

गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर मलमास मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए कई वाटरप्रूफ टेंट और अन्य सुविधाएं विकसित की गई थीं। वर्तमान सरकार ने भी इन व्यवस्थाओं को जारी रखा है, जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत मिल रही है।

दूसरे शाही स्नान के दौरान जहां एक ओर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला, वहीं साधु-संतों की यह मांग अब चर्चा का विषय बन गई है। देखना होगा कि प्रशासन उनकी मांग पर क्या कदम उठाता है।

# नर्स मानव सेवा की सशक्त मिसाल, नर्सिंग छात्रों ने ली सेवा और समर्पण की शपथ




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। माता सुशीला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं गौतम इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, सैयदबहरी (हिलसा) में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस के उपलक्ष्य में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एएनएम प्रथम वर्ष, जीएनएम प्रथम वर्ष एवं बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का लैंप लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा के उपाधीक्षक डॉ. एस.के. सुधाकर, वरिष्ठ नर्सिंग स्टाफ गायत्री सिन्हा, गौतम ग्रुप के सचिव त्रिपुरारी लाल तथा गौतम मेडिलाइफ के निदेशक नवीन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि डॉ. एस.के. सुधाकर ने कहा कि नर्सों को शरीर विज्ञान की गहरी समझ होती है और वे स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि नर्सें पीड़ित मानवता की सेवा कर समाज में सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका भी निभाती हैं।

गौतम ग्रुप के निदेशक डॉ. अभिजीत कुमार



गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल का योगदान समाज के लिए अमूल्य है। उन्होंने नर्सिंग पेशे की गरिमा और महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह में नर्सिंग सेवा की शुरुआत, महत्व और जिम्मेदारियों को दर्शाते हुए एक प्रेरणादायक नाटक की प्रस्तुति भी दी गई, जिसमें मानव सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताया गया।

प्राचार्या प्रियंका चौधरी ने विद्यार्थियों को जीवन में बेहतर कार्य करने और जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में रीना कुमारी, अरविंद कुमार यादव, आदर्श कुमार, रानी स्तुति सिन्हा, पम्मी कुमारी, सृष्टि कुमारी, मोनी कुमारी, प्रिंस कुमार, समुद्दीप कोले, अंजलि भारती, गौरव सिंह चौहान, अमन कुमार, शिवानी कुमारी, पल्लवी कुमारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# राजन बिगहा के समीप रेल हादसे में युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ-दनियावां रेलखंड पर चंडी थाना क्षेत्र के राजन बिगहा गांव के पास रविवार की शाम हुए एक दर्दनाक रेल हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान राजन बिगहा निवासी स्वर्गीय ललित प्रसाद के पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की शाम करीब चार बजे अभिषेक कुमार रेलवे पटरी के समीप पहुंचे थे। इसी दौरान वह एक चलती ट्रेन की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए और देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जुट गई।

युवक की मौत की खबर घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन गहरे सदमे में हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि अभिषेक कुमार मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे और उनके निधन से पूरे गांव में मातम का माहौल है।

घटना की सूचना मिलने के बाद चंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष अखिलेश झा ने बताया कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना रेलवे पुलिस को भी दे दी गई है। रेलवे पुलिस के पहुंचने के बाद शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। फिलहाल पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# दहपर में आज से शुरू होगी श्रीमद्भागवत कथा, 1151 महिलाओं की कलश यात्रा बनेगी आकर्षण का केंद्र



विजय प्रकाश उर्फ पिन्टू

नूरसराय (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के नूरसराय प्रखंड स्थित दहपर हाई स्कूल मैदान में 1 जून से आयोजित होने वाली सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कथा वाचन के लिए वृंदावन से पहुंचे राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता एवं प्रसिद्ध कथावाचक श्री श्याम शुभम जी महाराज का नारी मोड़ पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। फूल-मालाओं और जयघोष के बीच उनका अभिनंदन किया गया।

श्री श्याम शुभम जी महाराज ने बताया कि 1 जून से 7 जून तक चलने वाली कथा का शुभारंभ 1151 महिलाओं की भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा मधड़ा स्थित शीतला मंदिर से दहपर तक निकाली जाएगी। इसके बाद संध्या समय श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ होगा।

कथा के उद्घाटन समारोह में पूर्व विधायक एवं जदयू के राष्ट्रीय महासचिव ई. सुनील मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा एवं कांग्रेस नेता दिलीप कुमार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। आयोजन समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा एवं क्षेत्र के सनातन प्रेमियों के सहयोग से किया जा रहा है।

प्रतिदिन संध्या 6 बजे से रात 10 बजे तक कथा का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, प्रसाद स्वरूप फल एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम का समापन 8 जून को भव्य महाभंडारे के साथ होगा।इस अवसर पर शेखर मुखिया, पप्पू मुखिया, तन्नू सिंह, बबलू मुखिया, सिंटू सिंह, चीकू सिंह, अमन कुमार, नीतीश महतो, लड्डू कुमार, मुन्ना कुमार, जिंकू सिंह, डॉ. रमाकांत निवास लाल, महेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कोचरा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित, स्पृहा योजना और तंबाकू निषेध पर दी गई जानकारी



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। इस्लामपुर प्रखंड के कोचरा स्थित कुशवाहा भवन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली, नालंदा जिला विधिक सेवा प्राधिकार तथा अनुमंडल विधिक सेवा समिति, हिलसा के संयुक्त तत्वावधान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नालंदा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार गौरव, अनुमंडल विधिक सेवा समिति हिलसा के अध्यक्ष सह एडीजे आलोक कुमार पाण्डेय, सचिव सह एसडीजेएम कुमारी सावित्री, पैनल अधिवक्ता विजय कुमार एवं खुदागंज थाना में प्रतिनियुक्त पीएलवी आलोक कुमार ने की।

शिविर में पैनल अधिवक्ता विजय कुमार ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की स्पृहा (SPRUHA) योजना-2025 की जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना अपराध पीड़ितों, बंदियों, अंडरट्रायल कैदियों, उनके आश्रित परिवारों, महिलाओं, बच्चों तथा सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को निःशुल्क कानूनी सहायता, परामर्श, शिक्षा एवं पुनर्वास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि 30 बंदियों के मामलों में से 6 को रिहा कराया गया है, जबकि अन्य जमानत पर मुक्त हुए हैं तथा कुछ मामले अभी न्यायालय में लंबित हैं।

इस अवसर पर विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर पीएलवी आलोक कुमार ने तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों की जानकारी दी तथा सभी उपस्थित लोगों को नशामुक्त जीवन की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में उज्ज्वला कुमारी, दौलती देवी, नीतु देवी, सिंधु कुमारी, सूर्यमणी देवी, कुसुम देवी, किरण देवी, सुनिता देवी, छोटेलाल कुमार, परमानंद प्रसाद, समदेश कुमार एवं विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।









# आभा सेवासदन में नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित, 66 मरीजों ने लिया लाभ




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। चंडी प्रखंड के जैतीपुर मोड़ स्थित आनंद मार्ग जागृति रोड पर संचालित आभा सेवासदन में रविवार को नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। प्रत्येक रविवार की तरह इस सप्ताह भी बड़ी संख्या में मरीजों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य परामर्श और नि:शुल्क दवाओं का लाभ उठाया।

31 मई 2026 को आयोजित इस चिकित्सा शिविर में कुल 66 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने मरीजों की समस्याओं को सुनकर आवश्यक परामर्श दिया तथा उनके अनुरूप होम्योपैथिक दवाएं उपलब्ध कराईं। शिविर में सर्दी-खांसी, त्वचा रोग, जोड़ों के दर्द, पाचन संबंधी समस्याओं तथा अन्य सामान्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों का उपचार किया गया।

आयोजकों ने बताया कि आभा सेवासदन में प्रत्येक रविवार को नि:शुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जाती है, ताकि ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों तक सुलभ और प्रभावी स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है।

शिविर में पहुंचे मरीजों ने इस सेवा की सराहना करते हुए कहा कि नि:शुल्क जांच और दवा वितरण से उन्हें काफी राहत मिल रही है। स्थानीय लोगों ने भी इस सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्य की प्रशंसा की और इसे समाज के लिए उपयोगी पहल बताया।

आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाने की अपील की तथा भविष्य में भी नियमित रूप से ऐसे शिविर आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।


# सर्वोदयनगर में मौत को दावत दे रहे बिजली के झूलते तार

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ के सर्वोदयनगर मसानी मोहल्ले में वर्षों से झूल रहे बिजली के तार और जर्जर व्यवस्था के कारण स्थानीय लोग भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन बिताने को मजबूर हैं। मोहल्लावासियों का कहना है कि कई बार विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

स्थानीय निवासी उमेश कुमार ने बताया कि बिजली के खंभे और झूलते तारों से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पूर्व में इसकी शिकायत कनीय अभियंता से की गई थी। अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण कर सुरक्षित पोल, बिजली बॉक्स और तार लगाने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि बिजली के खंभे के आसपास बच्चे अक्सर खेलते रहते हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

मोहल्ले के देवेंद्र कुमार, रविकांत कुमार, पंकज कुमार, संजीत कुमार, संजय कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि पोल में आग लगने या तार टूटने की आशंका से लोग हमेशा डरे रहते हैं। वहीं क्षेत्र में नाली-गली और हर घर नल का जल योजना की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। शिक्षक रविकांत कुमार ने कहा कि विकास कार्यों की जगह केवल कागजी प्रक्रिया दिखाई देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता से कर तो लिया जा रहा है, लेकिन मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं।




मोहल्लावासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द बिजली, नल-जल और सड़क-नाली की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। उनका कहना है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण लोगों की जान जोखिम में पड़ी हुई है।









# रेड क्रॉस स्वास्थ्य शिविर में 215 मरीजों को मिला नि:शुल्क उपचार



संजय कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा रविवार को विस्तारित भवन श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य निसहाय एवं जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। इस दौरान विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कुल 215 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया, जबकि 40 लोगों की मधुमेह जांच भी की गई।

शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतीश कुमार ने 30, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 45, हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. अमरदीप नारायण ने 40, फिजिशियन डॉ. दीनानाथ वर्मा एवं डॉ. अखिलेश कुमार ने 80, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मृति सिन्हा ने 15, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 15 तथा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार ने मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया।शिविर की सफलता में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार तथा आजीवन सदस्यों बृज बिहारी, चंद्रमणि कुमार, रागिनी कुमारी, प्रमोद पंडित, शंभू कश्यप, नागेंद्र कुमार, कुणाल गौरव, साधु श्रम प्रसाद, डॉ. एस.एम. मुजफ्फर जमाल, प्रो. स्वधर्म, सुषमा कुमारी, मुस्कान कुमारी, अरुण कुमार एवं संजय कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी सदस्यों ने मरीजों के पंजीकरण, कतार प्रबंधन एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया। लाभार्थियों ने रेड क्रॉस के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे जनसेवा की उत्कृष्ट पहल बताया।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हिलसा में जागरूकता अभियान, युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश



हिलसा (अपना नालंदा)। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर हिलसा के महादलित टोला एवं रविदास टोला में समाजसेवी सह गुटखा छोड़ो आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार मानव के नेतृत्व में तंबाकू एवं नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं, युवाओं और महिलाओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मानव ने कहा कि तंबाकूजन्य पदार्थों और सूखे नशे की बढ़ती प्रवृत्ति युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। बड़ी संख्या में युवा नशे की लत के कारण असमय मौत का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजकल सूखे नशे का अवैध कारोबार तेजी से फैल रहा है, जिससे समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि अधिकांश बच्चे और किशोर साथियों की देखा-देखी नशीले पदार्थों का सेवन शुरू कर देते हैं, जो बाद में गंभीर लत का रूप ले लेता है। तंबाकू, धूम्रपान, ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। ऐसे में अभिभावकों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और उन्हें सही मार्गदर्शन दें।

महिलाओं को संबोधित करते हुए डॉ. मानव ने कहा कि नशा परिवार और समाज दोनों को खोखला कर देता है। उन्होंने सभी लोगों से नशामुक्ति अभियान से जुड़ने और युवाओं को नशे से दूर रखने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।




# ऑल बिहार ट्रेंड लाइब्रेरियन वेलफेयर फाउंडेशन के नालंदा जिला अध्यक्ष बने अनुपम कुमार



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। ऑल बिहार ट्रेंड लाइब्रेरियन वेलफेयर फाउंडेशन, बिहार ने संगठन के विस्तार और पुस्तकालय व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से अनुपम कुमार को नालंदा जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह मनोनयन फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष विकास चंद्र सिंह द्वारा किया गया।

जारी मनोनयन पत्र में कहा गया है कि शिक्षा, पुस्तकालय विकास और सामाजिक सरोकारों के प्रति अनुपम कुमार की सक्रियता एवं समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में जिले में लाइब्रेरी और लाइब्रेरियन के हितों की रक्षा के साथ-साथ शैक्षणिक गतिविधियों को भी नई दिशा मिलेगी।

इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की प्रॉक्टर डॉ. कृतिपीजी अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति कश्यप, नालंदा खुला विश्वविद्यालय की समन्वयक डॉ. निरुपमा, बिहार पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह तथा पटना विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सदस्य पप्पू वर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में अनुपम कुमार को मनोनयन पत्र, सम्मान पत्र और शिल्ड देकर सम्मानित किया गया।

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अनुपम कुमार ने कहा कि नालंदा विश्व की प्राचीन ज्ञान परंपरा का केंद्र रहा है। ऐसे गौरवशाली इतिहास को ध्यान में रखते हुए पुस्तकालय संस्कृति को पुनर्जीवित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास लाइब्रेरी के आधुनिकीकरण, संसाधनों की उपलब्धता और युवाओं में पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देने पर केंद्रित रहेगा। साथ ही राजगीर में एक आधुनिक सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना को लेकर भी जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।उनके मनोनयन पर शिक्षाविदों, पुस्तकालय पेशेवरों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

# प्रोन्नति विवाद में फंसा शिक्षा विभाग, नालंदा डीईओ से 24 घंटे में मांगा गया जवाब

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति से जुड़े विवादित मामले में शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए नालंदा के जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) से 24 घंटे के भीतर स्पष्ट एवं तथ्यात्मक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। यह मामला पटना उच्च न्यायालय में लंबित वाद संख्या CWJC-13112/2025, सुधा कुमारी सिन्हा बनाम बिहार राज्य सरकार एवं अन्य से जुड़ा है।

प्राथमिक शिक्षा के उप निदेशक प्रफुल्ल कुमार मिश्र द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि विभाग ने 6 मार्च 2026 को वादी के अभ्यावेदन में उठाए गए बिंदुओं पर तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन अब तक प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। इसके बाद विभाग ने डीईओ को 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है।

जानकारी के अनुसार, 30 जनवरी 2024 को जारी प्रधानाध्यापक प्रोन्नति की औपबंधिक सूची में शिक्षिका सुधा कुमारी सिन्हा का नाम शामिल नहीं किया गया था। इसी के खिलाफ उन्होंने पटना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

सुधा कुमारी सिन्हा ने अपने अभ्यावेदन में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि न्यायालय में दायर प्रतिशपथ पत्र के एक अनुलग्नक में यह दर्शाया गया है कि उन्होंने 7 नवंबर 2023 को प्रोन्नति से मुक्त रखने के लिए आवेदन दिया था, जबकि उन्होंने ऐसा कोई आवेदन कभी नहीं दिया। उनका आरोप है कि आवेदन में उनके हस्ताक्षर को स्कैन कर अंकित किया गया है।शिक्षा विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच के लिए डीईओ से विस्तृत प्रतिवेदन मांगा है। अब विभागीय रिपोर्ट और आगामी कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

# जानलेवा हमले का आरोपी फतुहा से गिरफ्तार, मारपीट में बुजुर्ग घायल

सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। बेन थाना पुलिस ने मारपीट एवं जानलेवा हमला मामले में नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष रविराज सिंह ने बताया कि दयाबीघा गांव में हुई जानलेवा हमला की घटना के आरोपी मनीष कुमार (25 वर्ष), पिता संजय कुमार, को गुप्त सूचना के आधार पर फतुहा स्थित शीश मिल के पास से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक प हिरासत में भेज दिया गया।

वहीं थाना क्षेत्र के खैरा गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में एक बुजुर्ग गंभीर रू से घायल हो गए। घायल की पहचान राम सिंगार सिंह, पिता स्वर्गीय ललन सिंह, निवासी खैरा के रूप में हुई है। घायल ने आरोप लगाया है कि रविरंजन शर्मा द्वारा उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई।घटना के बाद परिजनों द्वारा उन्हें इलाज के लिए बेन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

# प्रमोशनल टूर से पहले मां गंगा की शरण में पहुंचीं संचिता बासु, 'ठुकरा के मेरा प्यार-2' की सफलता के लिए की प्रार्थना




पटना (अपना नालंदा)। अभिनेत्री संचिता बासु ने अपने आगामी प्रमोशनल टूर की शुरुआत से पहले आध्यात्मिक आशीर्वाद लेने के लिए पटना में गंगा आरती में भाग लिया। उन्होंने मां गंगा की पूजा-अर्चना कर अपने चर्चित प्रोजेक्ट "ठुकरा के मेरा प्यार" सीजन-2 की सफलता और दर्शकों के प्यार की कामना की।

पटना के गंगा घाट पर आयोजित भव्य आरती में संचिता बासु पारंपरिक अंदाज में शामिल हुईं। उन्होंने पूरे विधि-विधान के साथ मां गंगा की आराधना की और अपने नए सीजन के लिए विशेष प्रार्थना की। आरती के दौरान घाट का वातावरण भक्तिमय बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी इस धार्मिक आयोजन के साक्षी बने।

संचिता बासु की मौजूदगी ने घाट पर मौजूद लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कई प्रशंसकों ने उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं और उनके सरल एवं आस्थावान व्यक्तित्व की सराहना की। वहीं, गंगा आरती से जुड़ी उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। प्रशंसक उनके इस आध्यात्मिक कदम को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ाव का प्रतीक बता रहे हैं।

गौरतलब है कि "ठुकरा के मेरा प्यार" के पहले सीजन को दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिला था। ऐसे में सीजन-2 को लेकर भी दर्शकों में काफी उत्सुकता बनी हुई है। माना जा रहा है कि प्रमोशनल टूर से पहले मां गंगा काआशीर्वाद लेने पहुंचीं संचिता बासु का यह कदम उनके नए प्रोजेक्ट के लिए सकारात्मक संदेश और माहौल तैयार करने में सहायक साबित होगा।






# श्रावणी मेला-2026 को लेकर मुख्यमंत्री सख्त, अधिकारियों को दिए कई बड़े निर्देश



पटना/भागलपुर (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में भागलपुर समाहरणालय परिसर स्थित समीक्षा भवन में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला-2026 की तैयारियों एवं विभिन्न विकास योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भागलपुर, मुंगेर और बांका के जिलाधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था तथा विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रावणी मेला की सभी तैयारियां समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और

बैठक में मुंगेर-सुल्तानगंज-सबौर चार लेन गंगा पथ परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि भागलपुर और मुंगेर गंगा पथ से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र गंगा डॉल्फिन का प्राकृतिक आवास है, इसलिए विकास कार्यों में पर्यावरणीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा जाए।

विक्रमशिला विश्वविद्यालय की पुनर्स्थापना को लेकर भी विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा 15 जून से पहले केंद्र सरकार को आवश्यक प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विक्रमशिला विश्वविद्यालय बिहार की गौरवशाली शैक्षणिक विरासत का प्रतीक है और इसकी पुनर्स्थापना ऐतिहासिक



सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मेला क्षेत्र एवं कांवरिया पथ पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, चिकित्सकों और एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही बिजली के जर्जर तारों को मेला शुरू होने से पहले बदलने, बंद पड़े चापाकलों को 15 जून तक चालू कराने तथा सभी मार्गों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने सुल्तानगंज, तारापुर, बेलहर, सुईया, कटोरिया और चानन सहित प्रमुख स्थानों पर यातायात प्रबंधन को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने कांवरिया पथ पर स्थित धर्मशालाओं को पर्यटन नीति से जोड़ते हुए पीपीपी मॉडल पर विकसित करने का सुझाव दिया, ताकि वे वर्षभर संचालित रह सकें। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्विस कॉटेज, नए गेस्ट हाउस, म्यूजिकल फाउंटेन तथा अन्य नवाचारों पर भी चर्चा हुई।

कदम साबित होगी।

विक्रमशिला सेतु के पुनर्स्थापन एवं मरम्मत कार्य की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्य में तेजी लाई जाए और जब तक यातायात पूरी तरह सामान्य नहीं हो जाता, तब तक निजी दोपहिया और चारपहिया वाहनों से कोई शुल्क नहीं लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक से पूर्व मुख्यमंत्री ने भागलपुर जिले में 203 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 84 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 69 योजनाओं का उद्घाटन और 15 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बिहार की सबसे बड़ी टैलेंट प्रतियोगिता! 13 जून को पटना में होगा महा मुकाबला

संजय कुमार

पटना(अपना नालंदा)। बिहार के बच्चों, युवाओं और महिलाओं की छिपी प्रतिभाओं को नया मंच देने के उद्देश्य से "भर ले उड़ान" संस्था द्वारा आयोजित बिहार बिगेस्ट शो का 10वां ग्रैंड फिनाले 13 जून 2026 को ए.एन. कॉलेज, बोरिंग रोड स्थित सिन्हा ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक चलने वाले इस भव्य कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित प्रतिभागी अपनी कला और हुनर का प्रदर्शन करेंगे।संस्था की सचिव स्विटी पंडित ने बताया कि पिछले एक दशक से संस्था प्रतिभाशाली बच्चों और युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है। इस वर्ष भी 4 वर्ष के बच्चों से लेकर कॉलेज छात्रों एवं महिलाओं तक को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया गयाहै। कार्यक्रम के लिए प्रतिभागियों को डांस, कराटे, मार्शल आर्ट्स, मॉडलिंग, रैम्प वॉक और फाइन आर्ट्स का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। ग्रैंड फिनाले में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ कराटे प्रदर्शन, आकर्षक रैम्प वॉक और कला प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण होंगे। आयोजकों के अनुसार पटना, गया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, दरभंगा सहित बिहार के कई जिलों के प्रतिभागी इसमें भाग



ले रहे हैं।संस्था की अध्यक्ष कोमल पांडे ने बताया कि यह आयोजन अब तक का सबसे बड़ा और भव्य शो होगा। कार्यक्रम में चिकित्सक, शिक्षाविद, समाजसेवी और अन्य विशिष्ट अतिथि भी शामिल होंगे। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं लक्मे अकादमी के सहयोग से मेकअप आर्टिस्ट्स को भी विशेष अवसर उपलब्ध कराया जाएगा।

कार्यक्रम में भाग लेने या अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभिभावक एवं प्रतिभागी 7903966295 और 8083274018 पर संपर्क कर सकते हैं

# रियल बूम के बिहार विस्तार से रोजगार और निवेश को मिलेगा बल



पटना(अपना नालंदा)।। आंध्र प्रदेश की प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी रियल बूम ने बिहार में अपने व्यवसाय के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल शुरू कर दी है। इसी क्रम में पटना के बोरिंग रोड स्थित होटल प्रेसीडेंट में कंपनी से जुड़े प्रमुख सहयोगियों एवं प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता कंपनी के कार्यकारी निदेशक सवरम रोहित ने की। उन्होंने कंपनी की वर्तमान गतिविधियों, आवासीय एवं व्यावसायिक परियोजनाओं तथा बिहार में प्रस्तावित विस्तार योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिहार रियल एस्टेट क्षेत्र में तेजी से उभरता हुआ बाजार है और यहां निवेश एवं विकास की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

सवरम रोहित ने कहा कि रियल बूम का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और भरोसेमंद रियल एस्टेट सेवाएं उपलब्ध कराना है। कंपनी के बिहार में विस्तार से न केवल निवेश को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि हजारों युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में कंपनी राज्य में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को धरातल पर उतारेगी।

बैठक के दौरान व्यवसाय विस्तार की रणनीति, निवेश की संभावनाएं, स्थानीय सहयोग तंत्र को मजबूत बनाने तथा ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित सहयोगियों ने भी अपने सुझाव दिए और कंपनी की भावी योजनाओं के प्रति उत्साह व्यक्त किया।

इस अवसर पर भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, उद्यमियों और अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। अंत में कार्यकारी निदेशक सवरम रोहित ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास और बेहतर समन्वय के बल पर रियल बूम बिहार के रियल एस्टेट क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान स्थापित करेगी।

# दरधा नदी में कचरा फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई, अभियान तेज



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिलाधिकारी सह जिला गंगा समिति की अध्यक्ष अलंकृता पांडेय के निर्देश पर दरधा नदी की स्वच्छता और संरक्षण को लेकर नगर परिषद द्वारा विशेष सफाई अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को लाल मंदिर के पीछे स्थित दरधा नदी तट पर व्यापक सफाई अभियान संचालित किया गया।

सफाई निरीक्षक के नेतृत्व में नगर परिषद की टीम ने नदी किनारे जमा कूड़ा-कचरा, प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाया। अभियान के दौरान यह पाया गया कि कुछ लोग प्लास्टिक के बोरों में गोबर, एक्सपायरी किराना सामग्री, खाने-पीने के पैकेट, घरेलू कचरा तथा बायो-मेडिकल वेस्ट तक नदी किनारे फेंक रहे हैं। प्रशासन ने इसे गंभीर चिंता का विषय बताते हुए ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

नगर परिषद ने स्पष्ट किया कि कई बार जागरूकता अभियान और अपील के बावजूद कुछ लोग नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस मामले से संबंधित जानकारी आवश्यक कार्रवाई के लिए सिविल सर्जन को भी भेजी गई है।

अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों और आसपास के लोगों को नदी को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त रखने के लिए जागरूक किया गया। जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे नदी में किसी भी प्रकार का कचरा न फेंकें और स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग करें।

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में दरधा नदी को प्रदूषित करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लक्ष्य है कि जनसहयोग से दरधा नदी को स्वच्छ, सुरक्षित और प्रदूषणमुक्त बनाया जा सके।

# संगठन की कार्यपद्धति से ही भाजपा बनी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी जिला जहानाबाद द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन शनिवार को चंद्रिका पैलेस में राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।समापन सत्र को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं खनन मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, जिसकी सबसे बड़ी शक्ति उसकी अनुशासित और प्रभावी कार्यपद्धति है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार उसके कार्यकर्ता होते हैं और भाजपा की कार्यप्रणाली कार्यकर्ता केंद्रित है। बैठकें केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि संगठन की दिशा और रणनीति तय करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री Narendra Modi के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को सामूहिक रूप से सुना। इसके बाद अरवल विधायक मनोज शर्मा ने कार्यकर्ता विकास, आचरण और अपेक्षाओं पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता का जीवन सेवा, समर्पण, अनुशासन और राष्ट्रहित के मूल्यों पर आधारित होना चाहिए।

वहीं, मनीष कश्यप ने सोशल मीडिया, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रभावी सूचना तंत्र के महत्व पर प्रकाश डाला। विधान पार्षद जीवन कुमार ने देश के समक्ष राजनीतिक एवं सामाजिक चुनौतियों पर चर्चा की।

कार्यक्रम के अंत में भाजपा जिला अध्यक्ष ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन इन्हीं मूल्यों के आधार पर समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

# बकरी पालन योजना से बदली अजहर की किस्मत, बने युवाओं की प्रेरणा



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। बिहार सरकार की कल्याणकारी योजनाएं ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता का नया रास्ता खोल रही हैं। इसका जीवंत उदाहरण जहानाबाद जिले के कल्पा पंचायत स्थित बदहर गांव निवासी अजहर हुसैन हैं, जिन्होंने "समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना" का लाभ उठाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाया है।

अजहर हुसैन ने बताया कि उन्होंने पशुपालन विभाग की इस योजना के तहत आवेदन किया था। चयन होने के बाद उन्हें 20 बकरी और 1 बकरा यूनिट स्थापित करने की स्वीकृति मिली। योजना के अंतर्गत लगभग 2.42 लाख रुपये की लागत पर 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया गया, जिससे पशुपालन व्यवसाय शुरू करना उनके लिए आसान हो गया।उन्होंने कहा कि पहले सीमित आय के कारणपरिवार का भरण-पोषण कठिन था, लेकिन अब बकरी पालन से नियमित आमदनी हो रही है। इससे न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है, बल्कि गांव के अन्य लोग भी पशुपालन और स्वरोजगार की ओर प्रेरित हो रहे हैं।

अजहर ने बताया कि पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, जहानाबाद द्वारा समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन और आवश्यक सहयोग दिया जाता है। आधुनिक तरीके से पशुपालन की जानकारी मिलने से उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि हुई है।

उन्होंने जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं की सही जानकारी और लाभ मिलने से ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। जिला प्रशासन ने भी युवाओं और किसानों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण में योगदान देने की अपील की है।

# तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो का संदेश लेकर निकली जागरूकता रैली



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर गायत्री परिवार जहानाबाद द्वारा जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य लोगों को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश देना था।

रैली अरवल मोड़ से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कारगिल चौक तक पहुंची। इसमें गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां लेकर लोगों को तंबाकू से दूर रहने का संदेश दिया।

इस अवसर पर "तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो", "नशामुक्त युवा, सशक्त भारत" और "स्वस्थ शरीर, स्वस्थ समाज" जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। वक्ताओं ने कहा कि तंबाकू का सेवनकैंसर, हृदय रोग और अन्य गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है। इससे न केवल व्यक्ति का स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ता है।

गायत्री परिवार के सदस्यों ने लोगों से नशे की आदत छोड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज ही स्वस्थ, समृद्ध और संस्कारित राष्ट्र की आधारशिला है। युवाओं को विशेष रूप से नशे से दूर रहकर समाज और देश के विकास में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। रैली में गायत्री परिवार के दर्जनों कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# छत्रपति शिवाजी जयंती पर नवादा में 400 रक्तवीरों का हुआ भव्य सम्मान



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर रविवार को छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान, नवादा के तत्वावधान में शोभिया स्थित कावेरी कॉटेज सभागार में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रक्तदान, समाजसेवा, साहित्य और विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रक्तवीरों, समाजसेवियों, कवियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. विमल प्रसाद, विशिष्ट अतिथि प्रो. वीणा मिश्रा, शेखेदौरा प्रमुख अरविंद कुमार, संस्थान अध्यक्ष कैलाश विश्वकर्मा, सचिव जितेंद्र प्रताप जीतू तथा कार्यक्रम प्रमुख नितेश कपूर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मंच संचालन उत्पल भारद्वाज एवं कवि ओंकार शर्मा कश्यप ने किया।

संस्थान अध्यक्ष कैलाश विश्वकर्मा ने समाजसेवा एवं रक्तदान के क्षेत्र में निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। सचिव जितेंद्र प्रताप जीतू ने बताया कि वे 75 बार रक्तदान कर चुके हैं और नवादा में रक्तवीरों की मजबूत टीम तैयार हुई है। समारोह में लगभग 400 रक्तदाताओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अजय कुमार को 53 बार तथा आदित्य कुमार को 38 बार रक्तदान करने पर "रक्तवीर सम्मान" प्रदान किया गया।

कवि उदय भारती ने काव्य पाठ से समां बांधा, जबकि उत्पल भारद्वाज ने गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर सत्येंद्र सिंह, साकेत रावत, प्रतीक कुमार, कौशल यादव, गौतम कुमार, सरगम, श्याम सुंदर कुमार, रमेश खन्ना, जितेंद्र कुमार गणपति, जेपी सेनानी जयनारायण जी, प्रियंका बरनवाल, रेशमी देवी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# दायबिगहा दोमुहानी पाईन से अधेड़ का शव बरामद, चाकू मारकर हत्या की आशंका



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)।नरहट थाना क्षेत्र के दायबिगहा गांव स्थित दोमुहानी पाईन के समीप रविवार की सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव पर कई गंभीर जख्म के निशान पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्टया चाकू मारकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए।जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह कुछ ग्रामीण आहर की ओर गए थे। इसी दौरान उनकी नजर दोमुहानी पाईन के पास पड़े एक शव पर पड़ी। देखते ही देखते शव मिलने की खबर आसपास के गांवों में फैल गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना नरहट थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

मृतक की पहचान दायबिगहा निवासी स्व. तिलक पासवान के लगभग 55 वर्षीय पुत्र सदावृक्ष पासवान के रूप में की गई। पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि सदावृक्ष पासवान ही परिवार के मुख्य सहारा थे। उनकी एकमात्र पुत्री की शादी हो चुकी है और वह अपने ससुराल में रहती है। ऐसे में अब परिवार के भरण-पोषण और देखभाल को लेकर चिंता बढ़ गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के शरीर पर कई जगह गहरे जख्म के निशान हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि अपराधियों ने धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या की और शव को पाईन के पास फेंक दिया। हालांकि हत्या के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

मृतक की पत्नी ने प्रशासन से जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने तथा दोषियों की गिरफ्तारी कर कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। घटना के बाद गांव में शोक और भय का माहौल व्याप्त है। लोग अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस से त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं।

थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम को बुलाया गया है, जो घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र कर रही है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और हत्या के कारणों तथा अपराधियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।







Kalope HOMES
Now in
BIHAR SHARIF
PREMIUM MODULAR KITCHEN
@ ₹99,999 में.
Upgrade Your Home with Luxurious uPVC Kitchen
ZERO WOOD TECHNOLOGY
No Wood
100% Waterproof uPVC
Termite Proof
Low Maintenance
10 YEAR WARRANTY
LIMITED OFFER FOR FIRST 20 CUSTOMERS ONLY
BOOK FREE SITE VISIT »
+91 74887 06578
*T&C Apply | Limited Offer